# प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र विषय–हिंदी कोर ए (आधार) 2020–2021

## कक्षा– बारहवीं

निर्धारित समय–3 घंटे | अधिकतम अंक–100

## खंड–क

## अपठित बोध

I. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :– 2x5=10

आज की शाम
जो बाजार जा रहे हैं
उनसें मेरा अनुरोध है
एक छोटा–सा अनुरोध
क्यों न ऐसा हो कि आज शाम
हम अपने थैले और डोलचियाँ
रख दें एक तरफ
और सीधे धान की मंजरियो तक चलें

चावल जरूरी है
जरूरी है आटा दाल नमक पुदीना
पर क्यों न ऐसा हो कि आज शाम
हम सीधे वहीं पहुँचे
एकदम वहीं
जहाँ चावल
दाना बनने से पहले
सुंगध की पीड़ा से छटपटा रहा हो

उचित यही होगा
कि हम शुरू में ही
आमने–सामने
बिना दुभाषिए के
सीधे उस सुंगध से
बातचीज करें
यह रक्त के लिए अच्छा है
अच्छा है भूख के लिए
नींद के लिए
कैसा रहे
बाजार न आए बीच में।

(1) प्रस्तुत काव्यांश में कवि क्या अनुरोध कर रहा है ?

(2) कवि सीधे कहाँ पहुँचने के लिए कह रहा है ?

(3) कवि के अनुसार उचित क्या होगा ?
(4) 'बाज़ार न आए बीच में' पंक्ति का क्या आशय है ?
(5) इन पंक्तियों का उपयुक्त शीर्षक लिखें।

II. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखें :– 2x5=10

अनुकरण धर्म नहीं है, यद्यपि वही धर्म बनकर मनुष्य की छाती पर बैठ गया है। सारी पृथ्वी उन लोगों से भरी है, जो दूसरो का अनुकरण कर रहे हैं। उन्हें पता नहीं, सत्य क्या है ? परमात्मा क्या है ? न कभी पूछा, न कभी जिज्ञासा की। अन्वेषण के लिए श्रद्धा चाहिए, स्वयं पर श्रद्धा चाहिए। धर्म के नाम पर हमें दूसरों पर श्रद्धा करने के लिए सिखाया जा रहा है। स्वयं पर श्रद्धा ही धर्म है, लेकिन स्वयं पर श्रद्धा अग्नि से गुजरने जैसी है। स्वयं पर श्रद्धा पाने के लिए पहला कदम नास्तिकता है, आस्तिकता नहीं।

दूसरे का अनुकरण सरल है, सुगम है। न कहीं जाना है, न कुछ खोजना है, न कुछ दाँव पर लगाना है। बस, बासी बातों को मान लेना है। भीड़ जो कहे उसको स्वीकार कर लेना है। प्रभाव में जो जीता है, वह जीता ही नहीं है। सारी दुनिया करीब–करीब प्रभाव में जीती है। तुम जिसके प्रभाव में पड़ गए, उसके ही रंग में रंग जाते हो। तुम्हारी कोई निजता नहीं है। तुम्हारा अपने भीतर कोई स्वयं का बोध नहीं है कि तुम सोचो, विचारों, विमर्श करो, निर्णय लो।

(6) अन्वेषण और अनुकरण में क्या भेद है ?
(7) निजता महत्त्वपूर्ण क्यों है ?
(8) आशय स्पष्ट कीजिए।
''प्रभाव में जो जीता है, वह जीता ही नहीं है।''
(9) धर्म के नाम पर हमें क्या सिखाया जा रहा है ?
(10) प्रस्तुत गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

## खण्ड–ख
## रचनात्मक तथा व्यावहारिक लेखन

III. निम्नलिखित में से सबसे उचित विकल्पों का चयन करें : 1 x 10=10

(11) जनसंचार का मुख्य कार्य क्या है ?
(I) सूचना संग्रह एवं प्रचार करना (II) सूचना का विश्लेषण करना
(III) ज्ञान के स्तर में वृद्धि करना (IV) ये सभी

(12) लोकतंत्र का चौथा स्तंभ किसे कहा जाता है ?
(I) पत्रकार को (II) मीडिया को
(III) जनता को (IV) न्यायपालिका को

(13) पत्रकारिता की भाषा में आमुख को अन्य किस नाम से भी जाना जाता है
(I) इंटो (II) मुखड़ा (III) लीड (IV) ये सभी

(14) भारत का पहला छापाखाना कब खुला ?
(I) सन् 1555 में (II) सन् 1556 में
(III) सन् 1557 में (IV) सन् 1558 ई0 में

(15) तुरंत घटी घटनाओं का संचालन जनसंचार के किस माध्यम में संभव नहीं है ?

(I) मोबाइल (II) इंटरनेट

(III) टेलीविजन (IV) समाचार–पत्र

(16) इंटरनेट पत्रकारिता को और किस नाम से जाना जा सकता है ?

(I) ऑन लाइन पत्रकारिता (II) साइबर पत्रकारिता

(III) वेव पत्रकारिता (IV) ये सभी

(17) फ्रीलांसर पत्रकार का अर्थ है –

(I) स्वतंत्र पत्रकार (II) पूर्णकालिक पत्रकार

(III) अंशकालिक पत्रकार (IV) इनमें से कोई नहीं

(18) संवाददाताओं के बीच काम का विभाजन आमतौर पर किस बात को ध्यान में रखते हुए किया जाता है ?

(I) संवावदाताओं के ज्ञान और रूचि के आधार पर

(II) संवाददाताओं के मांग के आधार पर

(III) संवाददाताओं के सिफारिश के आधार पर

(IV) संवाददाताओं के पारिश्रमिक के आधार पर

(19) किसी बड़ी खबर का कम से कम शब्दों में दर्शको तक तत्काल पहुंचाना क्या कहलाता है ?

(I) ड्राई एंकर (II) फोन–इन

(III) ब्रेकिंग न्यूज (IV) लाइव

(20) आजादी से पूर्व का प्रमुख समाचार–पत्र कौन–सा है ?

(I) कर्मवीर (II) प्रताप

(III) विशाल भारत (IV) ये सभी

IV. (21) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें– 5x1=5

मेरे प्रिय साहित्यकार

अथवा

इंटरनेट वर्तमान युग की मांग

अथवा

वृक्ष–मनुष्य के सच्चे हितैषी

(22) आप विद्यालय के वार्षिकोत्सव में एक नाटक प्रस्तुत कर रहे हैं। पूर्वाभ्यास के बीच आपने पाया कि दो विद्यार्थी बाहर ध्रूमपान कर रहे हैं, आपको अच्छा नहीं लगा।

इस समस्या से अवगत कराने तथा इस रोकने हेतु अपने प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। 5

(23) अपने स्कूल की लाइब्रेरी पर फीचर लिखिए। 5

अथवा

'कटते जंगल' विषय पर आलेख लिखिए।

## खण्ड–ग
## पाठ्य–पुस्तक

V. निम्नलिखित में से सबसे उचित विकल्पों का चयन करें– 1x4=4

(24) 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' कविता के रचनाकार कौन हैं।
(I) हरिवंश राय बच्चन II भगवतीचरण वर्मा
(III) रामेश्वर शुक्ल अंचल (IV) नरेन्द्र शर्मा

(25) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि ने क्या सहर्ष स्वीकारने की बात की है ?
(I) जीवन अनुभूति (II) प्रेम निवेदन
(III) कोमल भावनाएँ (IV) भवितव्यता

(26) शमशेर बहादुर सिंह को किस रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ ?
(I) चुका भी हूँ नहीं मैं (II) इतने पास अपने
(III) बात बोलेगी (IV) काल तुझसे होड़ है मेरी

(27) 'मुस्काता चाँद ज्यों धरती पर रात–भर' पंक्ति में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है ?
(I) उत्प्रेक्षा अलंकार (II) उपमा अलंकार
(III) रुपक अलंकार (IV) अनुप्रास अलंकार

VI. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति करें – 1 x4=4

(28) यह सोच थका दिन का .................. भी जल्दी–जल्दी चलता है।
(साथी /पंथी/साया)

(29) बहलाती सहलाती .................. बरदाश्त नहीं होती है।
(आत्मीयता/ रिश्तेदारी/घृणा)

(30) जादू टूटता है इस .................. का अब सूर्योदय हो रहा है।
(प्रकृति/उषा/स्वप्न)

(31) रोग–शोक में भी हँसता है ............... का सुकुमार शरीर ।
(शैशव/प्रकृति/नारी)

VII. निम्नलिखित में से किसी एक का भाव–सौंदर्य स्पष्ट करें – 4x1=4

(32) जीर्ण बाहु है शीर्ण शरीर, तुझे बुलाता कृषक अधीर
ऐ विप्लव के वीर।
चूस लिया है उसका सार, हाड़–मात्र ही है आधार
ऐ जीवन के पारावार!

अथवा

मुझसे मिलने को कौन विकल ?
मैं होऊ किसके हित चंचल ?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता उर में विह्वलता है!
दिन जल्दी–जल्दी ढलता है!

VIII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।

(33) हम समर्थ शक्तिवान और हम एक दुर्बल को लाएँगे, 4
पंक्ति के माध्यम से कवि ने क्या व्यंग्य किया है ?

(34) कविता के संदर्भ में 'बिना मुरझाए महकने के माने' क्या होते हैं ? 4

अथवा

पेट की आग का शमन ईश्वर (राम) भक्ति का मेघ ही कर सकता है–
तुलसी का यह काव्य–सत्य क्या इस समय का भी युग सत्य है?
तर्क संगत उत्तर दीजिए।

IX. निम्नलिखित में से उचित विकल्पों का चयन करें – 1x6=6

(35) बाज़ार दर्शन किस विधा की रचना है ?
(i) कहानी (ii) संस्मरण
(iii) आंचलिक कथा (iv) निबंध

(36) लुट्टन के माता–पिता उसे कितने वर्ष की आयु में अनाथ बनाकर चले गए?
(i) पाँच वर्ष (ii) सात वर्ष
(iii) नौ वर्ष (iv) ग्यारह वर्ष

(37) 'काले मेघा पानी दे' संस्मरण के रचनाकार कौन है ?
(i) धर्मवीर भारती (ii) जैनेन्द्र कुमार
(iii) महादेवी वर्मा (iv) विष्णु खरे

(38) बाजार की सार्थकता किसमें है ?
(i) बाजारुपन में (ii) हीन भावना पैदा करने में
(iii) आवश्यकताओं की पूर्ति करने में (iv) सजने सवँरने में

(39) आंबेडकर किस समाज को आदर्श मानते हैं ?
(i) स्वतंत्रता, समता, भ्रातृता आधारित।
(ii) स्वतत्रंता, लोलुपा, वैमनष्य आधारित
(iii) स्वतंत्रता, गतिशीलता, सम्मान आधारित
(iv) स्वतंत्रता, मानवता, दासता आधारित

(40) बाजार का जादू उतरने पर क्या अनुभूति होती है ?
(i) बाजार आकर्षक लगता है ।
(ii) बाजार का आकर्षण कम होने लगता है।
(iii) मन की इच्छाएँ बढ़ जाती है
(iv) मनुष्य इच्छामुक्त हो जाता है।

X. **रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**

(41) बाजार में एक ................. है।(पावर/जादू/छद्म) 1x6=6

(42) इंदर सेना सबसे पहले ............ की जय बोलती है।
(गंगा मैया /दुर्गा मैया /अपनी मैया)

(43) ढोलक की थाप मृत गाँव में ................ शक्ति भरती रहती थी।
(संजीवनी/जीवन/अमृत)

(44) शेर के बच्चे का असल नाम था..................।
(चाँद सिंह/बादल सिंह/लुट्टन सिंह)

(45) जो बाजार का पोषण करता है, वह अर्थशास्त्र ............. शास्त्र है।
( नीति/ अनीति/ धर्म)

(46) आधुनिक सभ्य समाज. .................... के लिए श्रम विभाजन को आवश्यक मानता है।
(शिक्षा/जीवन/कार्य–कुशलता)

XI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।

(47) बाज़ार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या–क्या असर पड़ता है ? 4

(48) ढोलक की आवाज़ का पूरे गांव पर क्या असर होता था ? 4

अथवा

जाति प्रथा को श्रम–विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे आंबेडकर के क्या तर्क है ?

XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित विकल्पों का चयन करें – 1x10=10

(49) यशोधर बाबू अपने परिवार के सदस्यों के साथ तालमेल क्यों नहीं बैठा पाते हैं ?
- (i) क्योंकि उनकी सोच में नए विचार निरर्थक है
- (ii) क्योंकि वे सिद्धांतवादी और व्यवहारवादी नहीं है
- (iii) क्योंकि उनका जीवन नीरस और उबाउ है
- (iv) क्योंकि उन्हें अपने काम से फुर्सत नहीं है।

(50) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के लेखक कौन है ?
- (i) मुंशी प्रेमचंद (ii) महादेवी वर्मा
- (iii) मनोहर श्याम जोशी (iv) मन्नू भंडारी

(51) 'सिल्वर वेडिंग' में शादी के कितने वर्ष होने की चर्चा की गई है ?
- (i) एक वर्ष (ii) दस वर्ष
- (iii) पच्चीस वर्ष (iv) पचास वर्ष

(52) 'जूझ' किस विधा की रचना है ?
- (i) आत्मकथा (ii) जीवनी
- (iii) कहानी (iv) संस्मरण

(53) स्वयं कविता लिख देने का आत्मविश्वास लेखक के मन में कैसे पैदा हुआ?
- (i) अपनी माँ की प्रेरणा द्वारा (ii) मित्रों की प्रेरणा द्वारा
- (iii) मराठी अध्यापक की प्रेरणा द्वारा (iv) दादा की प्रेरणा द्वारा

(54) 'जूझ' कथा में गणित के अध्यापक छात्रों की पिटाई क्यों करते थे ?

(i) छात्रों द्वारा कक्षा में शरारत करने के कारण।
(ii) गृहकार्य पूरा न करके लाने के कारण।
(iii) कक्षा में समय पर न आने के कारण।
(iv) इनमें से कोई नहीं।

(55) ऐन फ्रेंक की रूचि किस कार्य में थी ? डायरी के पन्ने पाठ के आधार पर सही विकल्प चुनिए ?
(i) फिल्मी कलाकारों के चित्र संग्रह करने में
(ii) फिल्मों के बारे में जानने में
(iii) फिल्मों की समीक्षा करने में
(iv) ये सभी

(56) अज्ञातवास के समय ऐन और वान के परिजनों के सामने सबसे बड़ी समस्या क्या थी ?
(i) अपना समय कैसे काटा जाए।
(ii) खाना कैसे पकाया जाए।
(iii) स्वयं को कैसे समझाया जाए।
(iv) बाहर कैसे जाया जाए।

(57) हिटलर के शासन में यहूदियों के लिए क्या पहनना आवश्यक था ?
(i) हाथ में जंजीर (ii) गले में पीला सितारा
(iii) पैरो में जंजीर (iv) माथे पर काली पट्टी

(58) 'ऐन फ्रेंक की डायरी' एक ऐतिहासिक दौर का जीवंत दस्तावेज है। ऐसा इसलिए कहा गया है, क्योंकि
(i) यह ऐन के व्यक्तिगत जीवन का चित्रण करती है।
(ii) यह पारिवारिक प्रेम की ऐतिहासिक व्याख्या करती है।
(iii) यह समाज के आदर्श रूप का वर्णन करती है।
(iv) यह यहूदियों पर ढाए गए अत्याचारों का प्रमाणिक दस्तावेज है।

XIII. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दें – 5x1=5

(59) यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल होती है लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं। ऐसा क्यों ?

अथवा

'जूझ' शीर्षक के औचित्य पर विचार करते हुए यह स्पष्ट कीजिए कि क्या यह शीर्षक कथा नायक की किस केन्द्रीय चारित्रिक विशेषता को उजागर करता है ?

# प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र हिंदी ऐच्छिक

**2020–2021**

**समय – 3 घंटे** **कक्षा–बारहवीं** **अधिकतम अंक– 100**

## खण्ड–क

## अपठित बोध

I. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : 2×5=10

उन्नीसवीं शताब्दी में यह राष्ट्रीय जागरण संपूर्ण भारत में किसी–न–किसी रूप में अभिव्यक्त हो रहा था, जिसमें भारतीयता के साथ आधुनिकता का संगम था। स्वामी विवेकानंद ने तो अमेरिका, इंग्लैंड आदि देशों से भारत लौटकर पूर्व और पश्चिम के श्रेष्ठ तत्वों के सम्मिलन से भारत को आधुनिक बनाने का स्वप्न देखा था। उन्होंने माना कि भारत और पश्चिम की मूल गति एवं उद्देश्य भिन्न है, परंतु भारत को जगना होगा, कुसंस्कारों एवं जाति– विद्वेष को त्यागना होगा, शिक्षित होकर देश की अशिक्षित, गरीब जनता को ही 'दरिद्रनारायण' मानकर उनकी सेवा करनी होगी, उनका उत्थान करना होगा। विवेकानंद का मत था कि भारत में जो जितना दरिद्र है, वह उतना ही साधु है। यहाँ गरीबी अपराध एवं पाप नहीं है तथा दरिद्रों की अपेक्षा धनियों को अधिक प्रकाश की जरूरत है। वे चाहते थे कि हम नीच, अज्ञानी, दरिद्र सभी को भाई जाने और गर्व से कहे हम सब भाई भारतवासी हैं।

(1) विवेकानंद ने क्या स्वप्न देखा था ?
(2) पश्चिम के उद्देश्यों से भिन्न भारत के बारे में उनका क्या मानना था ?
(3) आशय स्पष्ट कीजिए 'दरिद्रनारायण' मानकर उनकी सेवा करनी होगी।
(4) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
(5) विशेषण बनाइए :–
पश्चिम, चिंतन

II. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:– 2x5=10

मेघ आए बड़े बन–ठन संवर के।
आगे–आगे नाचती–गाती बयार चली,
दरवाजे–खिड़कियाँ खुलने लगी गली–गली।
पाहुन ज्यों आए हों, गाँव में शहर के।
मेघ आए बड़े बन–ठन के सँवर के।।
पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाए,
आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाए
बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की।
बरस बाद सुधि लीन्ही – बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की ।

(6) 'पाहुन' किसे कहा गया है और क्यों ?
(7) मेघ किस रूप में और कहाँ आए ?
(8) मेघों के आने पर गाँव में क्या–क्या परिवर्तन दिखाई देने लगे ?

(9) बूढ़ा पीपल किस रूप में है ? उसने क्या किया ?
(10) 'लता' कौन है ? उसने क्या शिकायत की ?

## 'खण्ड–ख
## रचनात्मक तथा व्यावहारिक लेखन

III. निम्नलिखित में से सबसे उचित विकल्प का चयन करें – 1×10=10

(11) जनसंचार माध्यमों के अंतर्गत रेडियो कौन–सा माध्यम है ?
(i) श्रव्य (ii) दृश्य (iii) श्रव्य–दृश्य (iv) पठनीय

(12) भारत में टेलीविज़न प्रसारण कब प्रारंभ हुआ ?
(i) 10 मार्च, 1960 को (ii) 12 फरवरी, 1958 को
(iii) 15 सितंबर, 1969 को (iv) 8 अप्रैल, 1957 को

(13) आलेख लेखन की भाषा कैसी होनी चाहिए ?
(i) सरल (ii) सुगम (iii) प्रभावी (iv) ये सभी

(14) भारत में पत्रकारिता की शुरूआत कब हुई ?
(i) सन् 1853 से (ii) सन् 1780 से
(iii) सन् 1767 से (iv) सन् 1857 से

(15) कहानी का केन्द्रीय बिंदु क्या होगा :
(i) पात्र (ii) चरित्र चित्रण
(iii) संवाद (iv) कथानक

(16) कहानी लेखन सीखने का सबसे कारगर तरीका क्या हो सकता है ?
(i) कहानी सुनना (ii) कहानी चुनना
(iii) कहानी पढ़ना (iv) कहानी सुनाना

(17) कविता की पहली शर्त क्या है ?
(i) शब्दों से मेल जोल (ii) कल्पना का तालमेल
(iii) सत्य की अभिव्यक्ति (iv) संभावना की तलाश

(18) नाटक की वास्तविक कसौटी किसे माना जाता है ?
(i) पात्र को (ii) संवाद को
(iii) रंगमंचीयता को (iv) कथ्य को

(19) हिंदी का पहला साप्ताहिक पत्र 'उदंत मार्तंड' का प्रकाशन कहाँ से हुआ?
(i) कलकत्ता (ii) कानपुर
(iii) इलाहाबाद (iv) बनारस

(20) भारत में पहली मूक फिल्म बनाने का श्रेय किसे जाता है ?
(i) पृथ्वी राजकपूर (ii) दादा साहब फाल्के
(iii) राजा हरिश्चन्द्र (iv) गुरूदत्त

IV. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें :– 5x1=5

(21) परोपकार मनुष्य का धर्म
अथवा

पृथ्वी की रक्षा हेतु पर्यावरण की सुरक्षा

अथवा

कोरोना वायरस महामारी

(22) अनावश्यक एवं भ्रामक प्रचार करने वाले विज्ञापनों से ग्राहकों एवं उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी का उल्लेख करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने घर में होने वाले किसी समारोह में सम्मिलित होने हेतु अपने मित्र को एक आमंत्रण पत्र लिखें।

(23) 'वृक्षारोपण की आवश्यकता' विषय पर एक आलेख लिखें। 5

अथवा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक संपादकीय लिखें।

## खण्ड–ग
## पाठ–पुस्तक

V. निम्नलिखित में से सबसे उचित विकल्पों का चयन करें – 1X4=4

(24) 'कार्नेलिया का गीत' जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित किस नाटक का प्रसिद्ध गीत है?

(i) चंद्रगुप्त (ii) स्कंदगुप्त (iii) ध्रुवस्वामिनी (iv) आजातशत्रु

(25) 'तोड़ो' कविता के कवि है

(i) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (iii) केदारनाथ सिंह

(iii) विष्णु खरे (iv) रघुवीर सहाय

(26) 'जरै बिरह ज्यों दीपक बातों' पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?

(i) उपमा अलंकार (ii) उत्प्रेक्षा अलंकार

(iii) पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार (iv) रूपक अलंकार

(27) 'काँपा हिया जनावा सीउ' में किस माह का स्वाभाविक वर्णन कवि जायसी ने किया है ?

(i) अगहन (ii) पूस (iii) माघ (iv) फागुन

VI. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति करें :– 1X4=4

(28) मर गया है ................ से संसार जैसे हार खाकर
(विष / ज़हर / गरल)।

(29) इतने लोगों को इतने तरीकों से ......................
मालामाल और गतिशील होते देखा है
(आत्मनिर्भर / स्वाधीन / उन्नत)

(30) 'भरत–राम का प्रेम' कविता रामचरित मानस के ......................
से लिया गया है। (बालकांड)/ अयोध्याकांड/सुंदरकांड)।

(31) सूफी प्रेम मार्गी शाखा के सर्वश्रेष्ठ कवि .................. को माना जाता है
(तुलसीदास/जा़यसी/केशवदास)

VII. सप्रसंग व्याख्या करें :– 4

(32) तोड़ो तोड़ो तोड़ो
ये ऊसर बंजर तोड़ो
ये चरती परती तोड़ो
सब खेत बनाकर छोड़ो
मिट्टी में रस होगा ही जब वह पोसेगी बीज को
हम इसको क्या कर डालें इस अपने मन की खीज को ?
गोड़ो गोड़ो गोड़ो

अथवा

तब तौ छबि पीवत जीवत हे, अब सोचत लोचन जात जरे।
हित–तोष के तोष सु प्रान पले, बिललात महा दुख दोष भरे।
धनआनंद मीत सुजान बिना, सब ही सुख–साज–समाज टरे।
तब हार पहार से लागत हे, अब आनिकै बीच पहार परे।

VIII. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। 4×2=8

काव्य सौंदर्य स्पष्ट करें :

(33) हेम कुंभ ले उषा सवेरे–भरती ढुलकानी सुख भर मदिर ऊंघते रहते
जब जगकर रजनी भर तारा।

अथवा

कार्नेलिया का गीत कविता में प्रसाद ने भारत की
किन विशेषताओं की ओर संकेत किया है ?

(34) बसंत आया कविता में कवि की चिंता क्या है ? उसका प्रतिपाद्य लिखिए।

अथवा

काव्य–सौदर्य स्पष्ट करें :
पिय सों कहेछु संदेसड़ा, ऐ भंवरा ऐ काग,
सो धनि बिरहे जरि मुई, तेहिक धुऑ हम लाग।।

IX. निम्नलिखित में से उचित विकल्पों का चयन करें । 1×6=6

(35) प्रेमधन की छायास्मृति किस शैली की रचना है ?

(i) संस्मरणात्मक रेखाचित्र (ii) संस्मरणात्मक निबंध
(iii) संस्मरणात्मक शब्दचित्र (iv) संस्मरणात्मक रिपोतार्ज

(36) आचार्य शुक्ल के सहपाठी निम्नलिखित में से कौन थे ?

(i) बालमुकुद गुप्त (ii) राधाचरण गोस्वामी

(iii) पंडित लक्ष्मी नारायण चौबे (iv) भारतेंदु हरिश्यचंद

(37) 'धर्म के रहस्य जानने की इच्छा प्रत्येक मनुष्य न करें' – यह पंक्ति गुलेरी जी के किस लघु निबंध का हिस्सा है ?

(i) बालक बच गया (ii) ढेले चुन लो

(iii) उसने कहा था (iv) घड़ी के पूर्जे

(38) हरगोबिन कौन है ?

(i) संवदिया (ii) मुखिया

(iii) हेडमास्टर (iv) गाड़ीवान

(39) 'चार हाथ' लघु कथा में लेखक ने किस ओर संकेत किया है।

(i) पूंजीवादी व्यवस्था में मजदूरों की स्थिति

(ii) समाज में स्त्री की वास्तविक स्थिति

(iii) किसानों का जीवन–संघर्ष

(iv) भूमंडलीकरण और उदारीकरण की सच्चाई।

(40) निर्मल वर्मा को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस रचना के लिए प्राप्त हुआ?

(i) परिंदे (ii) तीन एकांत

(iii) पिछली गरमियों में (iv) कटवे और काला पानी

X. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति करें: 1x6=6

(41) वह धन रोपाई का महीना था ................ का अंत जब बारिश के बाद खेतों में पानी जमा हो जाता है।
(जुलाई / अगस्त / सिंतबर)

(42) ..................... में पेड़ों को बचाने के लिए आदमी के संघर्ष की कहानियां खुनी थीं। (सिंगरौली / अमरौली / टिहरी गढ़वाल)

(43) गंगापुत्र के लिए गंगा मैया ही ..................... है।
(अद्भुत और अनूठी / जीविका और जीवन / मनोकामना और साधन)

(44) कटिहर जंक्शन पहुंचकर उसने देखा ..................
साल में बहूुत कुछ बदल गया है
( दस–पंद्रह / पंद्रह–बीस / बीस–पच्चीस)

(45) नागर अपभ्रंश से जो शिष्ट लोगों की भाषा विकसित हुई , वही ...................... कहलाई। (नागरी / अपभ्रंश / हिंदी)

(46) ऊपर से देखने पर शेर अहिंसावादी, न्यायप्रिय और ........... का अवतार प्रतीत होता है।
(सद्गुरू / बुद्ध / विष्णु)

XI. निम्नलिख्ति में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 4x2=8

(47) 'जहाँ धर्म पर कुछ मुट्ठीभर लोगों का एकाधिकार धर्म को संकुचित अर्थ प्रदान करता है। वहीं धर्म का आम आदमीसे संबंध उसके विकास एवं विस्तार का द्योतक है।'तर्क सहित व्याख्या कीजिए।

अथवा

'शेर' लघु कथा में हमारी व्यवस्था पर जो व्यंग्य किया गया है, उसे स्पष्ट कीजिए।

(48) औद्योगीकरण ने पर्यावरण का संकट पैदा कर दिया है, क्यों और कैसे? दूसरा देवदास कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

अथवा

संवदिया की क्या विशेषताएं हैं और गांव वालो के मन में संवदिया की क्या अवधारणा है।

XII. निम्नलिखित में से सबसे उचित विकल्पों का चयन करें :– 1X10

(49) सूरदास की झोपडी प्रेमचंद के किस उपन्यास का अंश है ?
(i) कर्मभूमि (ii) रंगभूमि
(iii) सेवासदन (iv) गोदान

(50) चूल्हा ठंडा किया होता, तो दुश्मनों का कलेजा कैसे ठंडा होता ? यह कथन किसका है ?
(i) सूरदास (ii) जगधर
(iii) नायक राम (iv) भेरों

(51) सूरदास की झोपड़ी में कसने आग जलाई ?
(i) भैरो (ii) सुभागी
(iii) मिठुआ (iv) धीसू

(52) विस्कोहर की माटी के रचनाकार हैं
(i) संजीव (ii) प्रभाष जोशी
(iii) विश्वनाथ त्रिपाठी (iv) निर्मल वर्मा

(53) कोइयाँ किसे कहते हैं ?
(i) कुमुद के फूल को (ii) कमल के फूल को
(iii) पलाश के फूल को (iv) गुलमोहर के फूल को

(54) 'विस्कोहर की माटी' में लेखक ने किस अत्याचार की बात कही है?
(i) लेखक की माँ की मृत्यु
(ii) दाई द्वार पालन पोषण
(iii) मां के दूध पर छोटे भाई का कब्जा
(iv) शिक्षा पूर्ण न होना।

(55) कृष्ण किस पेड़ की डाली पर झूला करते थे ?

(i) आम (ii) केद

(iii) बांस (iv) शीशम

(56) बतिया, कथरी और बरहा का क्या अर्थ है ?

(i) बिछौना, फल का अवकसित रूप खेतों की सिंचाई के लिए बनाई गई नाली

(ii) बातचीत, कथन बहरा

(iii) बातें, कहना, विरह

(iv) फल का अविकसित रूप बिछौना, खेतों की सिंचाई के लिए बनाई गई नाली

(57) लेखक ने मालवा प्रदेश की किस विशेषता को रेखांकित किया है ?

(i) मालवा प्रदेश की मिट्‌टी, नदियों का उद्‌गम और विस्तार

(ii) मालवा के लोगों के रहने और जीने का ढग

(iii) मालवा की संस्कृति और बारिश

(iv) उपरोक्त सभी

(58) लेखक के अनुसार 'खाऊ उजाड़ू सभ्यता' का क्या तात्पर्य है ?

(i) खूब खाना–पीना और एक स्थान से उजड़ कर दूसरे स्थान पर बस जाना।

(ii) जीवन मूल्यों की परवाह किये बिना विकास की अंधी दौड़ में शामिल होना।

(iii) धार्मिक अंधविश्वसा का हिस्सा बनना

(iv) सभ्यता के नाम पर मानमानी करना।

XIII. (59) किस एक प्रश्न का उत्तर दें : 5x1=5

यह फूस की राख न थी, उसकी अभिलाषाओं की राख थी।
संदर्भ सहित विवेचना कीजिए।

अथवा

प्रकृति सजीव नारी बन गई – इस कथन के संदर्भ में लेखक की प्रकृति, नारी और सौंदर्य संबंधी मान्यताएं स्पष्ट कीजिए।